<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 26.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. चतरा लोकसभा सीट के लिए एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह अब से कुछ देर बाद करेंगे नामांकन, पांचवें चरण के लिए तीन मई तक प्रत्याशी कर सकेंगे नामांकन पर्चा दाखिल।
2. 18वीं लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में दोपहर 11 बजे तक 25 प्रतिशत मतदान, सबसे अधिक त्रिपुरा में 35 और सबसे कम महाराष्ट्र में 18 प्रतिशत से अधिक पड़े वोट।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने आज वीवीपैट की पर्चियों के साथ ईवीएम के आंकडों के शत–प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को किया खारिज।
4. दुबई में चल रहे 21वें एशियाई अंडर–20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन भारतीय एथलीटों ने जीता स्वर्ण पदक।
5. लू और हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने जारी की एडवाइजरी, सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक धूप में न निकलने की दी सलाह।

*******************

चतरा से एनडीए प्रत्याशी काली चरण सिंह अब से थोड़ी देर बाद जिला समाहरणालय भवन में जाकर अपना नामांकन करेंगे। नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद उनकी जन सभा चतरा के बाबा मैदान में आयोजित होगी। एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में बीजेपी के कई बड़े नेता आज चतरा पहुंचे। नामांकन में पहुंचे नेताओं में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी , प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी, राज्य सभा सांसद आदित्य साहू शामिल हैं। इधर निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक सिंह भी आज अपना नमांकन दाखिल करने वाले हैं। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने चतरा शहर में रोड शो किया। रोड शो समाप्त होने के बाद वे नामांकन करेंगे। इधर चतरा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे फिल्मकार श्रीराम डाल्टन आज जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच कर नमांकन पत्र हासिल किया। उनके साथ उनकी पत्नी संगीतकार मेघा श्रीराम भी थी।

चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी 30 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे।

*******************

हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन पत्र आज से मिलना शुरू हो चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर बारह बजे तक नामांकन पत्र किसी ने नहीं खरीदा है। एक मई को एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल नामांकन करेंगे। झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार भी एक मई को ही अपना नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल ने अपना नामांकन दाखिल करने का तारीख अब तक तय नहीं किया है।

*******************

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में तेज मतदान की खबर है। सवेरे ग्यारह बजे 25 प्रतिशत से अधिक मतदान हुए हैं। सबसे अधिक त्रिपुरा में 36 प्रतिशत और सबसे कम महाराष्ट्र में 18 प्रतिशत से अधिक मतदान हुए हैं। अब तक मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ में 35 प्रतिशत से अधिक, मणिपुर में 33 प्रतिशत से अधिक, पश्चिम बंगाल में 31 प्रतिशत से अधिक, मध्य प्रदेश में 28 प्रतिशत से अधिक, असम में 27 प्रतिशत से अधिक, जम्मू–कश्मीर तथा राजस्थान में 26–26 प्रतिशत से अधिक, केरल में 25 प्रतिशत से अधिक, उत्तर प्रदेश में 24 प्रतिशत से अधिक, कर्नाटक में 22 प्रतिशत से अधिक, बिहार में 21 प्रतिशत से अधिक मतदान हुए हैं।

*******************

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज मध्यम से तेज मतदान होने की खबर है। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर की 88 संसदीय सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। इनमें केरल की सभी बीस, कर्नाटक की 14, राजस्थान की शेष 13, उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र की आठ–आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम तथा बिहार की पांच–पांच, पश्चिम बंगाल तथा छत्तीसगढ की तीन–तीन, मणिपुर तथा त्रिपुरा की शेष एक–एक और जम्मू–कश्मीर की एक सीट पर मतदान हो रहा है।

*******************

दुमका लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा जिले के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर कल कुडहित प्रखंड अंतर्गत नगरी, अंबा सहित अन्य पंचायत के विद्यालयों में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को जागरूकता वाहन के माध्यम से मतदान के महत्व की जानकारी देकर वोट करने की अपील की गई ।

*******************

मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम दर्ज कराने के लिए जिला प्रशासन से एक दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है आज रांची के मोराबादी मैदान में सुबह छह बजे से नौ बजे तक विशेष कैंप लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया एवं जिन मतदाताओं के मतदाता सूची में कुछ त्रुटियां रह गई है उसे भी सुधार करने के लिए बडी संख्या में लोग वहां पंहुचे।

*******************

पलामू जिले में स्वयं सहायता से जुड़ी सखी दीदीयां अब सोशल मीडिया पर वीडियो क्लीप के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वीवीपैट की पर्चियों के साथ ईवीएम के आंकडों के शत–प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायाधीश संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की एक पीठ ने सुनाया। हालांकि 18 अप्रैल को इन मामलों पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। निर्वाचन आयोग से पीठ द्वारा कुछ तकनीकी स्पष्टीकरण मांगे जाने के कारण 24 अप्रैल को इन मामलों को फिर सूचीबद्ध किया गया था।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर देवघर जिले के लगातार सूचना के बाद भी तकरीबन 200 से अधिक लाइसेंसधारियों ने अभी तक लाइसेंसी आर्म्स जमा नहीं कराया है। लाइसेंसी आर्म्स जमा नहीं करने वालों को देवघर उपायुक्त विशाल सागर ने कड़े निर्देश दिये हैं. उन्हें आज नजदीकी थाने में आर्म्स जमा करने को कहा गया है।

*******************

पाकुड में मोटरयान निरीक्षक सुदीप कुजूर के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान शहरी क्षेत्र में चलाया गया और यातायात नियमो की अनदेखी करने वालों से जुर्माना राशि की वसूली की गयी।

*******************

सरायकेला जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत एनएच–33 भादुडीह के पास आज सुबह भीषण सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गई। जबकि मोटरसाइकिल चला रहा महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

*******************

दुबई में 21वें एशियाई अंडर–20 एथलेटिक्स चैंम्पियनशिप प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन कल रात खेले गये पुरूष और महिलाओं की तीन हजार मीटर की स्टीपलचेज स्पर्धा में भारतीय एथलिटों ने स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ पदकों की संख्या तीन हो गई। एकता दे ने लगभग दस मिनट 31 सेकंड में महिलाओं की तीन हजार मीटर की स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, रणवीर सिंह ने लगभग नौ मिनट 23 सेकण्ड में पुरूषों की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले अनुराग सिंह कालेर ने पुरूषों की शॉटपुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय एथलीटों ने आज कुल सात पदक जीते। सुबह के सत्र में रेस वॉकर आरती ने महिलाओं की दस मीटर की रेस में कांटे की टक्कर में कांस्य पदक जीता। बाद में थ्रोवरों ने तीन और पदक जीते। इसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल हैं।

*******************

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आज और कल संथाल, कोल्हान धनबाद बोकारो, रामगढ़ जैसे जिलों में हीट वेव की स्थिति देखने को मिलेगी वहीं कल और 28 अप्रैल को पलामू संभाग में पारा बढ़ता दिखेगा और हीट वेव जैसी स्थिति देखने को मिलेगी। रांची, लोहरदगा, रामगढ़ में 28 अप्रैल को हीट वेव देखने को मिलेगा इस प्रकार से धीरे–धीरे हीट वेव की स्थिति झारखंड में बढ़ता हुआ दिखेगा। कोल्हान, संथाल से होता हुआ पलामू प्रमंडल साथ साथ दक्षिणी छोटा नागपुर के क्षेत्र में 28, 29 अप्रैल को हीट वेव की स्थिति देखने को मिलेगी विभाग ने तापमान में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है। दिन के ग्यारह बजे से तीन बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह भी दी गई है।

*******समाप्त***********